Dr.Uttam Kumar
SRAP College,Barachakia
Mob no-8210561032

Faculty -Commerce
Subject -Business Organisation
Class -2nd Semester
Session-2023-27

Topic

Meaning Of Business Organisation

परिचय (Introduction)

अगर व्यावसायिक संगठन शब्द को अलग किया जाए तो यह समझ में आएगा कि यह नाम दो शब्दों के जोड़ से बना है—(i) 'व्यावसायिक' अर्थात् व्यवसाय से सम्बन्धित तथा (ii) संगठन अर्थात् संगठन से सम्बन्धित। इन दोनों शब्दों का अलग-अलग अर्थ समझने से ''व्यावसायिक संगठन'' का पूर्ण अर्थ स्पष्ट हो जाता है।

संगठन का अर्थ
(MEANING OF ORGANISATION)

किसी कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व उसका उचित रूप में '**संगठन**' कर लेना परम आवश्यक होता है। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि एक हॉकी का मैच हो रहा है, जिसमें एक टीम के खिलाड़ी तो सुव्यवस्थित रूप से अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर खेल रहे हैं किन्तु दूसरी टीम के खिलाड़ी असंगठित तथा अव्यवस्थित हैं, जो मनचाहे स्थान पर जाकर खेलने लगते हैं। ऐसी दशा में यह निश्चित है कि विजय उसी टीम की होगी जो सुव्यवस्थित रूप से खेल रही है। ठीक यही बात व्यापार में लागू होती है। यदि कोई व्यापारी अपने व्यापार को सुव्यवस्थित रूप से चलाता है, तो उसे लाभ तथा सफलता दोनों अवश्य ही प्राप्त होंगे। **सी. केनिथ** के अनुसार, ''एक कमजोर संगठन अच्छे उत्पादन को मिट्टी में मिला सकता है, किन्तु एक अच्छा संगठन जिसके पास कमजोर उत्पाद (product) है, अच्छे उत्पाद को बाजार से भगा सकता है।'' इस प्रकार व्यवसाय में संगठन का भारी महत्व है। संगठन के अन्तर्गत हम उत्पादनों के सम्पूर्ण साधनों का '**व्यवस्थीकरण**' करते हैं। प्रत्येक व्यवसायी का मुख्य दृष्टिकोण यह रहता है कि वह अपने व्यवसाय को इस प्रकार आयोजित करे कि उससे उसकी कार्यक्षमता, उत्पादन-शक्ति और लाभ में अधिक-से-अधिक वृद्धि हो।

संगठन की परिभाषाएँ
(DEFINITIONS OF ORGANISATION)

संगठन शब्द की कुछ प्रमुख परिभाषाएँ निम्नलिखित हैं :

(1) **जी. ई. मिलवर्ड** के अनुसार, ''कार्य और कर्मचारी समुदाय का मधुर सम्बन्ध संगठन कहलाता है।''

(2) **मैक्फरलैण्ड** के अनुसार, ''समान व्यक्तियों के समूह द्वारा लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किये जाने वाले कार्यों को ही संगठन कहते हैं।''[1]

(3) **एल. एच. हैने** के अनुसार, ''किसी सामान्य उद्देश्य अथवा उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विशिष्ट अंगों का मैत्रीपूर्ण संयोजन ही संगठन कहलाता है।''[2]

(4) **आर. सी. डेविस** के अनुसार, ''संगठन मूलतः व्यक्तियों का एक समूह है, जोकि नेता के निर्देशन में सामान्य उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सहयोग करते हैं।''

निष्कर्ष—उपयुक्त परिभाषा—उपर्युक्त परिभाषाओं के अध्ययन के पश्चात् संक्षिप्त रूप में संगठन की उपयुक्त परिभाषा इस प्रकार दी जा सकती है—''उत्पादन के विभिन्न घटकों में प्रभावपूर्ण सामंजस्य स्थापित करने को ही संगठन कहते हैं।''